# मंजूरी के बिना भोपाल में नहीं काटा जाए एक भी पेड़

## हाईकोर्ट ने सात अधिकारियों को किया तलब

**जबलपुर, 20 नवंबर. हाईकोर्ट ने अपने अहम आदेश में कहा है कि कोर्ट के अनुमति के बिना भोपाल में एक भी पेड़ नहीं काटा जाये.**



हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने संज्ञान याचिका की सुनवाई के करते हुए अजय श्रीवास्तव, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पीडब्ल्यूडी, अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सेक्रेटेरिएट, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर-कम-अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सेक्रेटेरिएट, कमिश्नर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन भोपाल, प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, विधानसभा सेक्रेटेरिएट तथा जनरल मैनेजर, वेस्ट सेंट्रल रेलवे को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है. याचिका पर अगली सुनवाई 26 नवम्बर को निर्धारित की गयी है.

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने भोपाल के समीप भोजपुर-बैरसिया रोड निर्माण के लिए अखबार में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के निर्देश दिये थे. प्रकाशित खबर में यह तथ्य उजागर किये गये थे कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोनिवि रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पेड़ काट दिए. नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है. किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है.

### प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई जारी

याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत रेखांकित किए गए

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष गुरुवार को मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के संबंधित न्यायदृष्टांत रेखांकित करते हुए अपनी दलीलें पेश की गई. बहस पूरी न होने के कारण शुक्रवार को सुनवाई जारी रखने की व्यवस्था दे दी गई. याचिकाकर्ताओं की बहस पूरी होने के बाद इस प्रकरण में राज्य शासन की ओर तर्क प्रस्तुत किए जाएंगे. उल्लेखनीय है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है.

## प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश निलंबित

हाई कोर्ट ने पन्ना के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजाराम भारती को निलंबित कर दिया है. पन्ना के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश की जिम्मेदारी अस्थाई तौर पर विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुशवाह को सौंपी गयी है. इससे पूर्व हाई कोर्ट ने दमोह के जिला सत्र न्यायाधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया के विरूध्द निलंबन करने की कार्रवाई थी. दोनों जिला सत्र न्यायाधीश के निलंबनों की वास्तविक वजह की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गयी है. सूत्रों के अनुसार पन्ना कलेक्टर द्वारा अवैध खनन मामले में एक अरब से अधिक का जुर्माना लगाने के आदेश को निरस्त करने के संबंध में उक्त कार्यवाही की गयी है.

### हादसे पर कोर्ट सख्त

पिछले महीने एयरपोर्ट रोड पर हुए गंभीर हादसे के बाद राज्य की शीर्ष अदालत ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाया है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रशासन की कार्यप्रणाली, चालान प्रणाली और क्रियान्वयन की धीमी गति को लेकर तीखी टिप्पणियां कीं. हाईकोर्ट ने इंदौर में नो एंट्री के बावजूद ट्रक के प्रवेश से हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए सुनवाई में ट्रैफिक व्यवस्था पर सख्त नाराजगी जताई. मामले में स्वत: संज्ञान लेने वाली युगलपीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उच्च पुलिस अधिकारियों को तलब किया. सुनवाई के दौरान बताया गया कि हादसे के बाद शहर में 1244 चालान बनाए गए हैं.

# कलेक्टर कार्यालय में 10 कर्मचारी अनुपस्थित मिले

**एडीएम के निरीक्षण में 7 विभागों में मिली लापरवाही**


**नीमच, 20 नवंबर. कलेक्टर कार्यालय में गुरुवार दोपहर अतिरिक्त कलेक्टर बीएस कलेश के अचानक निरीक्षण से पूरे दफ्तर में हड़कंप मच गया.**

एडीएम ने विभिन्न विभागों का अचानक दौरा कर अधिकारियों और कर्मचारियों की हाजिरी की जांच की. निरीक्षण के दौरान 7 विभागों में कुल 10 कर्मचारी बिना सूचना गैरमौजूद मिले. निरीक्षण में सबसे बड़ी लापरवाही जिला रोजगार कार्यालय में सामने आई, जहां कार्यालय खुला होने के बावजूद एक भी अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था. इसे एडीएम ने गंभीर प्रशासनिक चूक माना. वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास कार्यालय में दो-दो कर्मचारी गैरहाजिर मिले. श्रम कार्यालय में भी दो कर्मचारी अनुपस्थित थे, साथ ही यहां उपस्थिति पंजी का रखरखाव तक नहीं किया गया था. नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय में भी दो कर्मचारी मौजूद नहीं थे, जबकि एक कर्मचारी ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर तक नहीं किए थे. भू-अभिलेख कार्यालय में कर्मचारी तो उपस्थित थे, लेकिन दो कर्मचारियों ने हस्ताक्षर नहीं किए थे, जिससे उपस्थिति प्रणाली में लापरवाही उजागर हुई. वहीं कृषि, उद्यानिकी, जिला पेंशन और योजना कार्यालय पूरी तरह से उपस्थित पाए गए,

# संविदाकार पर 8 माह की लगेगी पेनाल्टी

**कच्ची सड़क से चल कर कलेक्टर पहुंचे पिड़रिया ग्राम**

**सिंगरौली 20 नवम्बर. चितरंगी तहसील क्षेत्र के दूरस्थ स्थान पिड़रिया गांव में आज कलेक्टर गौरव बैनल कच्ची सड़क में पैदल चल कर पहुंचे.**



जहां सीएसआर मद से मंजूर 45.56 करोड़ के विद्युतीकरण कार्य का अवलोकन किया. कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये ठेकेदार पर 8 महीने का पेनाल्टी लगाने का निर्देशित किया है. कलेक्टर गौरव बैनल ने चितरंगी उपखंड के दुर्गम स्थल दोनों तरफ पहाड़ियों से घिरे आदिवासी बाहुल्य ग्राम पिड़रिया में कच्ची सड़कों से पहुंच कर सीएसआर मद से स्वीकत राशि 45.56 करोड़ की विद्युतीकरण कार्य का अवलोकन किया. कलेक्टर श्री बैनल के संज्ञान में इस आशय की जानकारी प्राप्त हुए कि पिड़रिया ग्राम सहित चितरंगी क्षेत्रांतर्गत के अन्य मजरे टोलों में अधिकांशत आदिवासी समाज की बस्तियों में विद्युतीकरण के लिए यह प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया था. किंतु संविदाकर के द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है.

### कार्य का अवलोकन

कलेक्टर स्थल पर पहुंच कर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया . अवलोकन पश्चात प्रोजेक्ट की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की तथा विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुबंध के प्रावधान अनुसार कंपनी पर अप्रैल से नवंबर तक के लंबित कार्यों के विरुद्ध पेनाल्टी लगाई जाए . साथ ही नवीन समय सीमा मार्च तक कार्य पूर्ण कराया जाए. वहीं विद्युत विभाग के फील्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि चल रहे विद्युत कार्यों पर लगातार निगरानी रखें तथा एक सप्ताह के अंदर प्रगति प्रतिवेदन भी दिया जाना सुनिश्चित करें.

## चार थाना प्रभारी लाइन हाजिर, सात को किया इधर से उधर

**जबलपुर.** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने फेरबदल किया है. माढोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे, खितौला थाना प्रभारी अर्चना जाट, घमापुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को, यातायात थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे को लाइन हाजिर किया है जबकि विजयनगर थाना प्रभारी वीरेंद्र पवार को माढोताल थाने की कमान सौंपी गई है. गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र मस्कोले को स्थानांतरण कर विजयनगर थाना प्रभारी बनाया गया. इसके अलावा गजवती कोसाम को महिला थाना से हटाकर गोसलपुर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

# मंडी में खरीदी-ब्रिकी बंद, व्यापारी धरने पर बैठे



**जबलपुर, 20 नवंबर.** 19 लाख की लूट के विरोध में कृषि उपज मण्डी में नीलामी, खरीदी-ब्रिकी बंद कर दी गई है व्यापारी धरने पर बैठे हुए है. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए है.

कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव ने बताया कि कृषि उपज मण्डी समिति में नीलामी का कार्य आज से आगामी सूचना तक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है.

**यह है मामला :** विजय नगर थाने में विकास साहू 36 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह सेठ सतीश केशरवानी की अनाज की एम एल जी सैल्स (फर्म) कृषि उपज मंडी विजय नगर स्थित दुकान नंबर जी-40 में मुनीम का काम करता है. मंडी स्थित फर्म की दुकान में उसके मालिक द्वारा उसे 19 लाख का चैक बैंक से नगद राशि लेकर आने के लिये दिया था. नगद राशि लेने लिये अपने सेठ की स्कूटी से एच पी कंपनी के लेपटाप काला- ग्रे रंग का बैग लेकर बैंक के लिये निकला था. चैक सेल्फ था, बैंक में कैशियर को चैक देकर नगद राशि 19 लाख रुपये प्राप्त किया, मोबाईल से मालिक सतीश केशरवानी को फोन करके बैंक से पैसे आहरित कर लेने की बताया और कहा की आप लेने आ जाते तब सेठ ने कहा की पैसा ले आओ तो वह पैसो वाला बैग लेकर मैकल सर्विस सेंटर के बाजू वाली गली से होते हुये कृषि उपज मंडी गेट नंबर 1 की तरफ आ रहा था जैसे ही मनीष हार्डवेय़र की दुकान के पीछे वाली रोड पर पहुंचा तभी वहां पर एक कार के बाजू से एक अज्ञात व्यक्ति मास्क पहने हुये निकला और उसके सिर में पीछे से राड जैसी वस्तु से मारा, जिससे वह वहीं पर गिर गया तो उसे पुन: उसी राड से बाये कंधे और बाये हाथ में मारा तथा उसे लेपटाप वाला बैग जिसमें नगद 19 लाख रुपये रखे थे को स्कूटी के हुक से निकालकर गेट नंबर 01 की ओर कुछ दूर भागकर अपने एक साथी जो स्कूटी लिया हुआ था में बैठ कर उसके बाजू से होते हुये मैकल सर्विस सेंटर वाली रोड



### शहर में लगने वाला जाम वाहन चालकों के लिए बना मुसीबत

रीवा, 20 नवम्बर. शहर में लगने वाला जाम लोगो के लिये मुसीबत बनता जा रहा है. ऐसा कोई मुख्य मार्ग नही जहा जाम की स्थित न बनती हो. जिसमें फसकर वाहन चालक यातायात पुलिस और प्रशासन को कोसते नजर आते है. बाजारो में खरीददारी करने निकले लोग घंटो जाम में फसे रहते है और खुद ही निकलने की कोशिश करते रहते है.

# सख्ती के बाद फॉर्म जमा करने में आई तेजी

**एसआईआर को लेकर भाजपा-कांग्रेस नेता जुटे**

**शाजापुर, 20 नवंबर. दो दिन पहले तक एसआईआर फॉर्म को लेकर सुस्ती नजर आ रही थी, लेकिन कलेक्टर ऋजु बाफना के तीखे तेवर और सख्ती के कारण दो दिन से एसआईआर के फॉर्म जमा कराने में अचानक तेजी देखने को मिली है. तो वहीं दूसरी ओर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता भी अपने-अपने वार्ड में मतदान जैसी सक्रियता दिखा रहे हैं.**

जहां कांग्रेस कार्यकर्ता मुस्लिम वार्डों में सक्रिय दिखे, तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता पूरे शहर से फॉर्म एकत्रित कर जमा कराने में लगे रहे. दो दिन में शाजापुर शहर से लगभग 10 हजार से अधिक ऑफलाइन फॉर्म बीएलओ के पास जमा हो गए हैं.

गौरतलब है कि दो दिन पहले तक एसआईआर को लेकर शहर में सुस्ती का आलम था. जहां शुजालपुर, कालापीपल में एसआईआर फॉर्म को लेकर सक्रियता नजर आ रही थी. वहीं शाजापुर में यह स्लो थी. लेकिन कलेक्टर ऋजु बाफना व प्रशासनिक सख्ती के कारण बीएलओ सक्रिय हुए, तो दूसरी ओर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने दो दिन लगातार बैठक बुलाकर पूरी विधानसभा में एसआईआर फॉर्म को लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए. विधायक खुद ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर के फॉर्म भरवाने के लिए पहुंचे थे.

जैसे चुनाव में वोट डलवाने के लिए सक्रियता नजर आती है, उसी तरह एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए विधायक अरुण भीमावद, ग्रामीण क्षेत्र में उनके मंडल अध्यक्ष, शाजापुर शहर में भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, गोविंद नायक और वार्डों के पार्षद व पदाधिकारी चुनाव की तर्ज पर ही बूथ-बूथ जाकर फॉर्म जमा करा रहे हैं. इसी कारण शहर में दो दिनों में सबसे ज्यादा फॉर्म ऑफलाइन जमा हुए हैं. एसआईआर के काम में लगे बीएलओ की मेहनत की दाद देना होगी. क्योंकि दिनभर वो ऑफलाइन फॉर्म जमा कर रहे हैं और देर रात तक ऑनलाइन डाटा अपलोड कर रहे हैं.

### एक नजर में



## चोरी और गुम हुए 32 लाख के मोबाइल लौटाए

**खंडवा, 20 नवंबर.** खंडवा पुलिस ने ऑपरेशन सहयोग चला रखा है. इसमें गुम हुए मोबाइलों की वापसी साइबर सेल के द्वारा कराई जा रही है. एक बार फिर पुलिस अधीक्षक मनोज राय के नेतृत्व में 32 लाख रुपए के मोबाइल वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए. उस वक्त मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी. विशेष अभियान के लिए सायबर सेल एवं समस्त थाना प्रभारियों को लगातार हिदायत दे जा रही थी. सायबर सेल एवं थानों द्वारा समन्वय स्थापित कर कुल 158 मोबाईल कुल कीमती 31,78,377/- रूपए के मिले जिन्हें वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए. पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में सभी मोबाईलों को उनके धारकों को सौंपा. कुल 145 आवेदक लाभांवित हुए. आवेदकों द्वारा अपना मोबाईल गुमने की स्थिति में तत्काल मोबाईल रिपोर्टिंग की ऑनलाईन पोर्टल ceir.gov.in पर तथा नजदीकी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उनके गुम मोबाईल उन्हे वापस प्राप्त हुए हैं. किसी भी व्यक्ति का मोबाईल गुम होने की स्थिति में मोबाईल रिपोर्टिंग की ऑनलाईन पोर्टल अथवा नजदीकी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की सुविधा उपलब्ध है, जिसका प्रत्येक नागरिक को उपयोग करना चाहिए. वर्तमान में नागरिकों की सहायता हेतु प्रत्येक थाना पर सायबर हेल्पडेस्क स्थापित की गई है.

## रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल रतलाम तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित

**रतलाम।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। सी एम एच ओ डॉ संध्या बेलसरे के निर्देशानुसार जिले के स्कूल तम्बाकू मुक्त किए गए है। इस तंबाकू नियंत्रण की जिला नोडल अधिकारी डॉ शिरीन खान ने मूल्यांकन स्कोर कार्ड के आधार पर स्कूलों को तम्बाकू मुक्त घोषित करने हेतु कार्यवाही की। रेलवे स्कूल के प्राचार्य जयदेव गोस्वामी जी के सहयोग से छात्रों को तंबाकू के उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं शपथ दिलवाई गई। अभी तक जिले के 25 से ज्यादा स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित हो चुके है ,जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,श्री जैन एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल भी शामिल हैं। इस राष्ट्रीय अभियान में जिला रतलाम के सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूल आगे बढ़कर भाग ले रहे है।

# ट्रांसपोर्ट विभाग ने 31 बस ऑपरेटरों को दिए नोटिस

**ग्वालियर, 20 नवंबर. ट्रांसपोर्ट विभाग ने 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी बसों के संचालन पर कड़ी कार्रवाई की है. विभाग ने 31 बस संचालकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे ऐसी पुरानी बसों का संचालन तुरंत बंद करें.**

ऐसा न करने पर बसों को जब्त किया जाएगा और संबंधित परमिट निरस्त कर दिए जाएंगे.परिवहन सचिव मनीष सिंह ने परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए थे. इन आदेशों के बाद बस ऑपरेटरों में हडकंप मच गया है. परिवहन विभाग के आदेश के अनुसार 15 वर्ष से अधिक पुरानी यात्री बसों का संचालन बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं. ग्वालियर जिले में ऐसी 21 बसें पंजीकृत हैं जिन पर आरटीओ ग्वालियर ने परमिट जारी किए हैं. सभी जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी पुरानी बसों का संचालन तुरंत बंद करवाएं और उन्हें नए वाहनों से रिप्लेस कराएं, ताकि परिवहन सेवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके.ग्वालियर से जारी कुल 80 परमिट में दतिया की 12, अशोकनगर की 18, गुना की 14 और शिवपुरी की 13 बसें शामिल हैं.


# सराफा व्यापारी को गोली मार कर आभूषण से भरे बैग लूटे

**मंडला 20 नबंवर नभाप्र. सुस्त पुलिसिंग का फायदा उठाते हुए अज्ञात कार सवार लुटेरों ने सराफा व्यापारी को गोली मार दी और आभूषणों से भरे दो बैग छीनकर फरार हो गए.**

जबलपुर मार्ग कटरा स्थित आयुषी ज्वेलर्स में शाम करीब 7.30 बजे दुकान बंद करने के दौरान हुई इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई. बताया गया कि गोली व्यापारी के पैर में लगी है, जिसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया. वारदात की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. जानकारी अनुसार आयुषी ज्वेलर्स के संचालक आयुष सोनी दुकान बंद कर रहे थे और उन्होंने आभूषणों से भरे दो बैग कार चालक को रखने के लिए दिए. इसी बीच एक कार रुकी और लुटेरों ने पहले चालक पर फायर कर दिया. गोली की आवाज सुन चालक दुकान की ओर भागा. कार से उतरे लुटेरों ने तत्काल आयुष सोनी की कार से आभूषणों से भरे बैग उठा लिए. आयुष को रोकने की कोशिश करने पर लुटेरों ने उन पर भी फायरिंग कर दी, जिससे उनके पैर में गोली लगी और एक लुटेरे ने चेहरे पर पंच मारा. गोलियां चलने की आवाज सुनकर मुख्य मार्ग के रहवासी और व्यवसायी प्रतिष्ठानों में सनसनी फैल गई.

# गरोठ नगर परिषद की मुहिम जेसीबी से हटाए अतिक्रमण

**गरोठ, 20 नवंबर. नगर परिषद गरोठ द्वारा गुरुवार, 20 नवंबर 2025 को पुलिस बल की उपस्थिति में शहर में व्यापक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.**



गांधी चौक से आगे मुकद्दर का सिकंदर मिष्ठान भंडार के पास रोड पर बनी टापरी और पक्का अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया गया. इससे पहले भी परिषद ने रिसाले में तीन दिनों तक अभियान चलाकर लगभग 4.50 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया था. अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा, सभापति सतीश गुजराती, पार्षद अर्जुन सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री राहुल गणावा सहित नगर परिषद टीम, सफाई कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहा.

**अभियान** | पार्षद और मंडल अध्यक्षों की बैठक में दिए गए निर्देश

# प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाताओं का करें सहयोग

**जबलपुर, 20 नवंबर. एसआईआर अभियान में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सहभागी बनें और मतदाताओं का सहयोग करें ,इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं.**




ये बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित जबलपुर नगर निगम के पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संबोधित करते हुए कही. इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने ये भी कहा कि एसआईआर अभियान वर्तमान की मतदाता सूची को पारदर्शी तथा और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है . पार्टी के सभी कार्यकर्ता एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर के पूर्व अपने अपने बूथ के कार्य को पूर्ण कर लें . बैठक को जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी सम्बोधित किया.

इस अवसर पर बैठक में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव,अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, शंकर श्रीवास्तव, नंदकुमार यादव, जय सचदेवा, रमेश रैकवार, सुशील चौबे, राजेश बड़गैयां, लोचन साहू सहित अन्य मौजूद रहे.

## तेज रफ्तार कार पलटी, युवक गंभीर

**जावद.** थाना क्षेत्र के नीमच रोड स्थित मोरका मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर खाई में पलट गई. गुरुवार दोपहर को हुए हादसे में मंदसौर निवासी 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार में साथ बैठी एक युवती को भी चोट आई. दोनों का जावद सिविल अस्पताल में इलाज जारी है. डस्टर कार सुवाखेड़ा की ओर से जावद की तरफ आ रही थी. मोरका मोड़ पर आते ही तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर का कार पर नियंत्रण बिगड़ गया और कार सड़क से नीचे उतरकर कई बार पलट गई. हादसे में कार चला रहे अरविंद पिता गट्टू सिंह राजपूत, निवासी ग्राम चिकला, जिला मंदसौर को हाथ-पैर में गंभीर चोट आई.

# 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' का आयोजन किया

**प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री एवं सांसद हुए शामिल**

**झाबुआ, 20 नवम्बर 2025. नेहरू युवा केन्द्र एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन झाबुआ में किया गया.**




मार्च का प्रारंभ राजवाड़ा चौक से होकर बुनियादी स्कूल रोड, गांधी प्रतिमा, बस स्टैंड, आजाद चौक, डी.आर.पी. लाइन चौराहा, किशनपुरी, गढ़वाड़ा, मोहनपुरा मार्ग से होते हुए देवझीरी मंदिर पर सम्पन्न हुआ. प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री, जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग डॉ. कुँवर विजय शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को स्मरण करने हेतु यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि देश की अखंडता एवं एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान आज के प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणास्रोत है. युवाओं को उनके जीवन, त्याग और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को जानना आवश्यक है.